Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to construct a foot-over bridge at level crossing No. 100 on Wardha-Nagpur railway line in Wardha parliamentary constituency, Maharashtra -laid.

श्री रामदास तडस (वर्धा): मैं माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान एक अत्यन्त महत्वपूर्ण विषय पर आकृष्ट करते हुए कहना चाहता हूँ कि वर्धा लोक सभा अन्तर्गत वर्धा नागपुर रेल लाईन के बीच दहेगांव रेलस्थानक स्थित है । दहेगांव रेलस्थानक के समीप रेल विभाग के माध्यम से रेलवे क्रासिंग गेट नं0-100 स्थायी तरीके से बंद करके पर्यायी अंडरपास का निर्माण रेल विभाग के माध्यम से किया गया है । लेकिन यह अंडरपास गेट नं0-100 से 400 मीटर दूर स्थित है, जो नागरिकों के लिए समस्या बन रहा है । गेट नं0-100 तुलजापुर रेल स्थानक के यार्ड एरिया में स्थित है, इस जगह पर रेल लाईन क्रास करते समय अनेक नागरिकों की दुर्घटना में मौत हुई है । इस जगह पर पैदल उपरी पुल का निर्माण अति आवश्यक है ।

मेरा रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि मध्य रेलवे मुख्यालय मुंबई ने दिनांक 24/02/2020 को रेलवे बोर्ड को पैदल उपरी पुल के निर्माण के लिए प्रस्ताव सादर किया गया है । उस प्रस्ताव को त्वरित स्वीकृति प्रदान करने हेतु मैं माननीय रेल मंत्री जी से निवेदन करता हूं ।

तुलजापुर के स्थानीय नागरिकों के माध्यम से इस विषय को लेकर समय-समय पर जन आंदोलन होता रहा है । प्रवासी व स्थानीय नागरिकों का हित ध्यान में रखकर तथा परिसर में स्थित विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए त्वरित कार्यवाही अपेक्षित है ।